
आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित

बर्ष :13 अंक :451 पृष्ठ -4 दिनांक 13 अप्रेल 2025 दिन रविवार

## सांसद खेल महाकुंभ के लिए नोडल अधिकारी नामित, 19 से केडी सिंह बाबू स्टेडियम में होंगी प्रतियोगिताएं

### जिलाधिकारी ने उद्घाटन तैयारी की बैठक में सौंपी जिम्मेदारी

लखनऊ, सांसद खेल महाकुंभ जनपद स्तरीय प्रतियोगिता 19 से 22 अप्रैल तक केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित होंगी। उद्घाटन की तैयारी के संबंध में शुक्रवार को जिलाधिकारी विशाख जी ने कलेक्ट्रेट सभागार में महत्वपूर्ण बैठक की और जोनवार अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए ड्यूटी निर्धारित की।बैठक में अधिकारियों के अलावा विद्यालय, कॉलेज, आईटीआई के पदाधिकारी शामिल हुए। जिलाधिकारी ने बताया कि खेल महाकुम्भ में नगर निगम अंतर्गत 8 जोन में आने वाले स्कूल एवं कॉलेज के छात्र–छात्राएं अपने जोन पर कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। स्कूल एवं कॉलेज के बीच अंतर जोनल प्रतियोगिताएं होंगी। प्रत्येक जोन की प्रतियोगिता की विजयी टीम व प्रतिभागी जनपद स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा में प्रतिभाग करेंगे। जोनल कार्यक्रम के आयोजन के लिए क्षेत्रीय अपर नगर मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में नगर निगम व




शिक्षा विभाग के अधिकारियों की संयुक्त समिति गठित की गई है। जोनवार अपर जिलाधिकारी को नोडल नामित करते हुए निर्देशित किया कि जो समिति से समन्वय करके कार्यक्रम का संचालन कराएं। जोन स्तर पर खेल स्पर्धाओं में एथलेटिक्स, वॉलीबाल, कबड्डी, ताइक्वॉन्डों, हैन्डबॉल, फुटबाल, हॉकी, बॉक्सिंग खेलों का चयन किया गया है।जोनवार नामित नोडल का विवरणजोन 1 : डॉ. सुभी सिंह, एडीएम (प्रशासन)जोन 2 : राकेश कुमार सिंह, एडीएम (एफआर)जोन 3 : राकेश सिंह, एडीएम (टीजी)जोन 4 रू अमित कुमार, एडीएम (नगर–पूर्वी)जोन 5: ज्योति गौतम, एडीएम (आपूर्ति) जोन 6 :कमलेश कुमार गोयल, एडीएम (भूमि अध्याप्ति) प्रथमजोन 7 रू उमेश चन्द्र उपाध्याय, एडीएम (भूमि अध्याप्ति) द्वितीय जोन 8 रू हनुमान प्रसाद मौर्य, एडीएम (न्यायिक)

## वाराणसी में मनाई जा रही हनुमान जयंती भक्तों ने निकाली गई ध्वजा यात्रा, मिलता है बजरंगबली का आशीर्वाद

हनुमान जयंती का उत्साह का चरम पर दिखाई दिया। हाथों में ध्वज लेकर भक्त सड़क पर उतरे और जय बजरंगी जय हनुमान का जयकारा लगाया। ध्वजा यात्रा निकाली गई। रविंद्रपुरी और सुंदरपुर क्षेत्र से भक्तों का जत्था निकला और संकट मोचन मंदिर पर पहुंचकर यात्रा का समापन हुआ। आज हनुमान जयंती है और वाराणसी में हनुमान ध्वजा यात्रा निकाली गई। भारी संख्या में भक्त यात्रा में शामिल हुए और जय बजरंगी का जयकारा लगाया। बता दें कि चौत्र मास की पूर्णिमा तिथि को हनुमान जयंती मनाई जाती है। मान्यता है कि इस दिन बजरंगबली की आराधना से अष्ट सिद्धी नव निधि का आशीर्वाद मिलता है। भक्त हाथों में ध्वज लेकर यात्रा निकालते हैं और जयकारा लगाते हैं। वाराणसी के विभिन्न क्षेत्रों से निकली यात्रा का समापन संकट मोचन मंदिर पर होता है और सर्वसिद्धि की मनो. कामना पूरी होती है।

## उत्तर प्रदेश के मथुरा में एक व्यक्ति ने कथित तौर पर शराब के नशे में विवाद के बाद अपनी पत्नी की हत्या कर दी

मथुरा उत्तर प्रदेश के मथुरा में एक व्यक्ति ने कथित तौर पर शराब के नशे में विवाद के बाद अपनी पत्नी की हत्या कर दी और बाद में उसका शव एक खेत में दफना दिया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।पुलिस ने बताया कि घटना जमुनापार थाने के अंतर्गत सुखदेवपुर गांव में हुई और मामला तब सामने आया जब आरोपी के भाई ने पुलिस को इसकी सूचना दी जिसके बाद आरोपी को हिरासत में ले लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना अपराध कबूल कर लिया। पुलिस ने बताया कि शव को खेत से बरामद कर लिया गया है। उसने बताया कि '' घटना बृहस्पतिवार रात को हुई। आरोपी विजय राजमिस्त्री है और उसने कथित तौर पर शराब के नशे में विवाद के बाद अपनी 30 वर्षीय पत्नी रेखा को छत से धक्का दे दिया।श्श पुलिस के अनुसार,''महिला की मौके पर ही मौत हो जाने के बाद आरोपी रात में शव को घसीटकर खेत में ले गया और उसे एक गड्ढे में दफना दिया। अगली



सुबह, उसने ऐसा व्यवहार किया जैसे कुछ हुआ ही न हो। जब उसके पिता ने रेखा को गायब पाया और उसके बारे में पूछा तो विजय ने उसकी हत्या करने की बात बताई। आरोपी के छोटे भाई ने पुलिस को मामले की जानकारी दी।श्श एक अधिकारी ने बताया कि जांच में पता चला कि विजय का एक दिव्यांग महिला से प्रेम प्रसंग है और उसके साथ वह अक्सर फोन पर बात करता है, रेखा ने उन्होंने बताया कि घटना की रात दंपति के बीच इसी बात को लेकर तीखी बहस हुई जिसके बाद पति ने पत्नी की हत्या कर दी। पुलिस ने विजय के कबूलनामे के आधार पर शुक्रवार को रेखा का शव बरामद किया। उन्होंने कहा कि महिला के पिता छित्तर सिंह ने विजय, उसके बड़े भाई राजकुमार, छोटे भाई कमल और दिनेश तथा माता–पिता के खिलाफ औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि विजय को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अन्य के खिलाफ जांच जारी है।

## हाथरस में युवक ट्रेन के आगे कूदा एक हाथ कटा

हाथरस में मथुरा रोड स्थित पूर्वोत्तर रेलवे ट्रैक पर एक घटना सामने आई। बौहरे वाली देवी मंदिर के सामने 26 वर्षीय राजा बाबू ने मालगाड़ी के आगे कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया। घटना में युवक का एक हाथ कट गया। राहगीरों ने तुरंत उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिवार को सूचित किया।राजा बाबू हाथरस गेट कोतवाली क्षेत्र के गांव तिपरस का रहने वाला है। वह राजस्थान में काम करता था। होली के बाद से वह घर पर ही रह रहा था। हाथरस से मथुरा जा रही



मालगाड़ी के सामने कूदने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर भीड़ लग गई और कुछ लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।घायल युवक की हालत गंभीर... घायल को जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि युवक ने यह कदम क्यों उठाया। परिवार के लोग भी अस्पताल पहुंच गए हैं। युवक की हालत गंभीर बनी हुई है।

## राणा सांगा की जयंती आज CM योगी ने किया नमन, कहा– उनका शौर्य युगों–युगों तक भारतभूमि को स्वाभिमान से सिंचित करता रहेगा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को राणा सांगा की जयंती पर उन्हें नमन किया। सीएम योगी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि धर्मरक्षा हेतु समर्पित रहे परम प्रतापी राणा सांगा जी की जयंती पर उन्हें कोटिश नमन! राष्ट्रभक्ति और त्याग की प्रतीक उनकी यशगाथा इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। उनका शौर्य युगों–युगों तक भारतभूमि को स्वाभिमान से सिंचित करता रहेगा।केशव मौर्य ने भी किया नमन राणा सांगा की जयंती पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, अस्सी घाव लगे थे मन में फिर भी व्यथा नहीं थी मन में।।ß मेवाड़ की वीरभूमि के गौरव, अद्वितीय पराक्रमी योद्धा, वीर शिरोमणि व धर्म परायण महाराणा राणा सांगा जी की जयंती पर कोटिशः नमन! स्वाभिमान व स्वधर्म की रक्षा हेतु उनके किए गए संघर्ष, त्याग व समर्पण से राष्ट्र सदैव प्रेरणा लेता रहेगा

## मेरठ मोबाइल चलाने से मना करने पर हुआ झगड़ा, पति ने पत्नी पर कैंची से किया हमला

मेरठ में पति ने पत्नी को मोबाइल चलाने से मना किया तो झगड़ा हो गया और पति ने पत्नी पर चाकू से हमला कर दिया और फरार हो गया. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची ओर घायल महिला को हॉस्पिटल में भर्ती कराया. पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है.जिले के थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के श्याम नगर के रहने वाले साकिब ने दो शादी की है. एक पत्नी लायबा श्यामनगर में साकिब के साथ रहती है. उसका सात महीने का बच्चा है. जबकि दूसरी पत्नी सायमा श्यामनगर के दूसरे मकान में रहती है. 10 दिन पहले ही साकिब सायमा को लेकर गाजियाबाद शादी में गया था. इस बात पर पहली पत्नी लायबा और साकिब का झगड़ा हुआ था कि वह उसे लेकर शादी में क्यों नहीं गया. लायबा मंगलवार को मोबाइल देख रही थी. तभी साकिब ने मोबाइल चलाने से मना किया. तभी दोनों में झगड़ा हो गया. साकिब ने कैंची उठाकर पत्नी लायबा के कमर में घौंप दी. इसके बाद मोहल्ले के लोग वहां जमा हो गए. घायल महिला को अस्पताल ले गए. जबकि मौके से आरोपी पति साकिब फरार हो गया. सूचना पर पहुंची पुलिस को घरवालों ने सारी घटना बताई.सीओ कोतवाली आशुतोष ने बताया कि लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के इत्तेफाक नगर में पति पत्नी में विवाद हुआ था. पति ने पत्नी को मारने के इरादे से उसकी कमर में कैंची घोंप दी. घायल महिला को इलाज के लिए भर्ती कराया. जबकि आरोपी साकिब को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है.

## मायावती ने वक्फ बिल पर राहुल गांधी की खामोशी पर उठाया सवाल, कहा– मुस्लिम समाज में आक्रोश स्वाभाविक

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने वक्फ संशोधन विधेयक पर लोकसभा में हुई चर्चा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की खामोशी पर शनिवार को सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि इसे लेकर मुस्लिम समाज में आक्रोश व विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' में बेचौनी स्वाभाविक है। उन्होंने शनिवार को श्एक्सश पर सिल. सिलेवार पोस्ट करते हुए कहा, श्वक्फ संशोधन विधेयक पर लोकसभा में हुई लंबी चर्चा में नेता प्रतिपक्ष द्वारा कुछ नहीं बोलना क्या उचित है जबकि विपक्ष सीएए की तरह इसे संविधान के उल्लंघन का मामला बता रहा है। इसे लेकर मुस्लिम समाज में आक्रोश व इनके इंडिया गठबंधन में बेचौनी स्वाभाविक है।श्श उन्होंने कहा,श्श वैसे भी देश में बहुजनों के हित, कल्याण एवं सरक. ारी नौकरी व शिक्षा आदि में इन वर्गों के आरक्षण के अधिकार को निष्प्रभावी व निष्क्रिय बनाकर इन्हें वंचित बनाए रखने के मामले में कांग्रेस, भाजपा आदि ये पार्टियां बराबर की दोषी हैं। धार्मिक अल्पसंख्यकों को भी इनके छलावा से बचने की जरूरत है।श्श मायावती ने लिखा, श्इनके ऐसे रवैयों के कारण उत्तर प्रदेश में भी बहुजनों की स्थिति हर मामले में काफी बदहाल व त्रस्त है जबकि भा. जपाइयों को कानून हाथ में लेने की छूट है। साथ ही, बिजली व अन्य सरकारी विभागों में बढ़ते हुए निजीकरण से हालात चिंताजनक हैं। सरकार जनकल्याण का संवैधानिक दायित्व सही तरह से निभाए।श्श बसपा प्रमुख ने इससे पहले बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार से नए वक्फ कानून के प्रावधानों पर पुनर्विचार करने और इसे फिलहाल निलंबित करने को कहा था। मायावती ने कहा कि हाल ही में पारित अधिनियम में वक्फ बोर्ड में गैर–मुस्लिमों को शामिल करने का प्रावधान प्रथम दृष्टया अच्छा नहीं है। केंद्र ने मंगलवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को अधिसूचित किया, जिसे दोनों सदनों में लंबी चर्चा के बाद संसद से पारित होने के बाद 5 अप्रैल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी मिली थी।




## यूपी में आज भी तेज आंधी–तूफान के साथ बारिश का अलर्ट, कई जिलों मे गिरेंगे ओले, जानें मौसम का हाल



उत्तर प्रदेश में पिछले दो दिनों में मौसम में आए अचानक बदलाव की वजह से एक तरह जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली है तो वहीं दूसरी तरफ किसानों की फसलों को खासा नुकसान हुआ है. पिछले 48 घंटों में यूपी के कई जिलों में तेज आंधी तूफान और बारिश व ओले गिरने से किसानों की पकी फसल नष्ट हो गई है. इस बीच मौसम विभाग ने आज शनिवार को भी प्रदेश के 60 से ज्यादा जिलों में तेज हवाएं चलने के साथ बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जिसने किसानों को चिंता डाल दिया है. मौसम विभाग के मुताबिक आज यूपी में आज दोनों पश्चिमी और पूर्वी संभागों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है. इस दौरान तेज धूल भरी आंधी और मेघ गर्जन के साथ तेज बारिश होने का अलर्ट जारी किया गया है. कहीं–कहीं मेघगर्जन के साथ बिजली गिरने और 40–50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी. आने वाले दिनों में पूर्वी संभाग में बारिश का सिल. सिला जारी रहेगा. लेकिन पश्चिमी यूपी में रविवार से मौसम शुष्क रहने का अनुमान है. यूपी में आज बागपत, मेरठ, मुजफ्फरनगर, शामली, सहारनपुर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, सँभल, रामपुर, बदायूं, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, बहराइच, बारा. बंकी, लखनऊ, श्रावस्ती, गोंडा, अयोध्या, सिद्धार्थनगर, बस्ती, संत कबीर नगर, महाराजगंज, कुशीनगर, देवरिया, मऊ, गोरखपुर और बलिया में कई जगहों पर मेघ गर्जन के साथ बारिश और ओले गिरने की चेतावनी जारी की है. इसके अलावा नोएडा, गाजियाबाद, हापुड़, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, आगरा, एटा, कासगंज, फिरोजाबाद, मैनपुरी, फर्रुखाबाद, इटावा, कन्नौज, औरैया, जालौन, झांसी, ललितपुर, महोबा, हमीरपुर, कानपुर, उन्नाव, रायबरेली, फतेहपुर, बांदा, अमेठी, सुल्तानपुर, आजमगढ़ और गाजीपुर में एक या दो जगहों पर बारिश हो सकती है. प्रदेश म् आज भी कई जिलों में ओले गिरने की चेतावनी दी गई है. इससे पहले गुरुवार को हुई बारिश की वजह से तापमान में गिरावट आई हैं. जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है.

# हाथरस में आज विभिन्न स्थानों पर राणा सांगा की जयंती धूमधाम से मनाई

हाथरस में आज विभिन्न स्थानों पर राणा सांगा की जयंती धूमधाम से मनाई गई। चंदपा क्षेत्र के गांव परसारा में क्षत्रिय समाज के लोगों ने इकट्ठे होकर केक काटा और राणा सांगा अमर रहे के नारे लगाए।कार्यक्रम में क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रहलाद सिंह समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। इनमें जिला मंत्री मनोज सिंह सिसोदिया, हरेंद्र सिंह भिलोखरी, वीरी सिंह, कालू सिंह सिसोदिया, डॉ हरी सिंह प्रमुख थे। समारोह में उपस्थित लोगों ने कहा कि राणा सांगा का अपमान किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।खुफिया तंत्र सुबह से ही रहा अलर्ट... उन्होंने याद दिलाया कि राणा सांगा ने सनातन धर्म की रक्षा के लिए अनेक युद्ध लड़े। इस मौके पर राणा सांगा के जीवन पर लोगों ने प्रकाश डाला। इधर, करणी सेना के आह्वान पर बड़ी संख्या में लोग आगरा भी गए। वहां करणी सेना द्वारा राणा सांगा की जयंती पर विशाल कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से खुफिया तंत्र सुबह से ही अलर्ट मोड में रहा।

## हाथरस में अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर युवक की मौके पर मौत, साथी गंभीरय रिश्तेदारी में जाते समय हुआ हादसा

हाथरस के हसायन कोतवाली क्षेत्र में मथुरा–बरेली राजमार्ग पर सड़क हादसा हुआ। गांव इनायतपुर के मोड़ पर अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार आकाश कुमार बघेल (20) की मौत हो गई। आकाश अपने पड़ोसी लकी के साथ गांव सूसामई में रिश्तेदारी जा रहा था। इनायतपुर मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दोनों युवक सड़क पर गिर गए। एक राहगीर ने डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस ने दोनों घायलों को सीएचसी सिकंदराराऊ पहुंचाया। आकाश ने अस्पताल पहुंचते ही दम तोड़ दिया। लकी को गंभीर हालत में अन्यत्र रेफर किया गया।पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा..आकाश दो भाई और दो बहनों में सबसे बड़ा था। घटना की सूचना मिलते ही सलेमपुर चौकी प्रभारी महावीर सिंह और कोतवाली प्रभारी अवधेश कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## हाथरस के सिकंद्राराऊ कस्बे में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का विशाल पथ संचलन आयोजित किया गया

हाथरस के सिकंद्राराऊ कस्बे में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का विशाल पथ संचलन आयोजित किया गया। पथ संचलन से पहले एक कार्यक्रम का आयोजन कस्बे के क्रीड़ा स्थल पर हुआ। स्वयंसेवकों ने पारंपरिक गणवेश में पथ संचलन किया। उन्होंने हाथों में दंड और सिर पर टोपी धारण की हुई थी।कार्यक्रम में झांकियां भी प्रस्तुत की गईं। संघ के पदाधिकारियों ने इस अवसर पर संगठन के उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की। संघ की स्थापना के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।यह रहे मुख्य रूप से मौजूद...कार्यक्रम में प्रमुख उपस्थिति में संघ के बौद्धिक प्रांत कार्यवाह राजकुमार शामिल थे। इसके अलावा गिरीश मोहन गुप्ता, विधायक वीरेंद्र सिंह राणा भी मौजूद रहे। नीरज वैश्य, मुकुल गुप्ता, प्रखर



वार्ष्णेय,जिला प्रचारक रवि ,नगर प्रचारक तुलसीदास, सह जिला कार्यवाह प्रदीप , नगर संघचालक प्रवीण ,नगर सह संघचालक मनोज , नगर कार्यवाह अवधेश ,खंड कार्यवाह पंकज , खंड संघचालक शिव कुमार गांधी , सह संघचालक मनोज महेश्वरी, हसायन खंड कार्यवाह ,नवनीत ,हसायन नगर कार्यवाह आशीष, संदीप, पुरदिलनगर कार्यवाह अंकुश सहित सैकड़ों संघ कार्यकर्ताओं ने भागीदारी की। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात रहा।

## हाथरस में लड़की से रेप का मामला शादीशुदा आरोपी को 10 साल की कैद और जुर्माने की सजा, ब्लैकमेल कर किया था अपहरण

हाथरस में एक लड़की के साथ रेप और अपहरण के मामले में न्यायालय ने आरोपी को 10 साल की कैद और जुर्माने की सजा सुनाई है। अर्थदंड न चुकाने पर अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।सिकंद्राराऊ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला आरोपी सुमित उर्फ बब्लू अपनी पड़ोसी लड़की को ब्लैकमेल करता था। उसके पास पीड़िता के कुछ आपत्तिजनक फोटो थे। 21 जून 2021 को आरोपी लड़की का अपहरण कर इलाहाबाद ले गया।पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू की। जांच में पता चला कि आरोपी शादीशुदा है और दो बच्चों का पिता है। उसने पीड़िता को तीन महीने तक इलाहाबाद में रखा। इस दौरान उसने पीड़िता के साथ जबरन शादी की और शारीरिक संबंध बनाए।पीड़िता अपने साथ 20 हजार रुपए, दो अंगूठी, चेन और पाजेब भी ले गई थी। इसे भी इस युवक ने अपने पास रख लिया। पुलिस ने पीड़िता को बरामद कर लिया। विवेचना के बाद आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया।एडीजीसी गोविंद वशिष्ठ ने की पैरवी... अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय महेंद्र कुमार रावत की अदालत में मामले की सुनवाई हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से एडीजीसी गोविंद वशिष्ठ ने पैरवी की। न्यायालय ने सभी सबूतों के आधार पर आरोपी को दोषी करार दिया। न्यायालय ने उसे 10 साल की कैद और जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न देने पर उसे अतिरिक्त कारावास भोगना होगा।

## सीएम ग्रिड्स पैकेज-1 की सड़को का नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण- पैकेज-1 की 3 सड़को का नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

उत्तर प्रदेश शासन की नगरों में विकास की सर्वोच्च प्राथमिकता की योजना मुख्यमंत्री–ग्रीन रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम(अर्बन) (सी.एम. ग्रिड्स)योजनान्तर्गत अलीगढ़ नगर निगम द्वारा पैकेज वन के अंतर्गत रमेश विहार स्वर्ण जयंती नगर, रामघाट रोड से मीनाक्षी पुल, मैरिस रोड से केला नगर तक मैसर्स कोनार्क कंस्ट्रक्शन द्वारा बनायी जा रही सड़क व नाला निर्माण का नगर आयुक्त ने निरीक्षण करते हुए 40 करोड़ की लागत के निर्माण कार्यो की मौके पर नगर आयुक्त ने तकनीकी बारीकियां को ध्यान से देखा और सड़क की मोटाई लंबाई और चौड़ाई को फीता डालकर चेक करवाया।पैकेज–1 में शामिल 3 सड़केंध्लागतध्लंबाईपैकेज 1 अंतर्गत लगभग 14 करोड़ 40 लाख .92 हजार की लागत से वार्ड 32 व 82 में स्वर्ण जयंती नगर चौराहे से रमेश विहार रोड लगभग 1.58 मीटर लंबी सड़क निर्माण।पैकेज 1 अंतर्गत लगभग 8 करोड़ 96 लाख की लागत से वार्ड 49 बेगपुर मैरिस रोड से केला नगर तक 0.72 किलोमीटर सड़क निर्माण।पैकेज 1 अंतर्गत लगभग 17 करोड़ 47 लाख की लागत से वार्ड 33, 49, 53, 74, 82 में रामघाट रोड पर मीनाक्षी पुल से रामघाट रोड क्वार्सी थाने तक सड़क नाला, फुटपाथ निर्माण।सी.एम. ग्रिड्स स्वर्ण जयंती नगर सड़क निर्माण सबसे पहले नगर आयुक्त विनोद कुमार ने पैकेज 1 अंतर्गत लगभग 14 करोड़ 40 लाख 92 हजार की लागत से वार्ड 32 व 82 में स्वर्ण जयंती नगर चौराहे से रमेश विहार रोड लगभग 1.58 मीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया. निरीक्षण के समय इस रोड पर जल भराव की समस्या को ध्यान में रखते हुए और अभियंता जल को तत्काल संबंधित ठेकेदार से समन्वय स्थापित कर इसका निदान कराया जाने की निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने मौके पर संबंधित एजेंसी के ऑफिस में रखें मैरिस रोड पर कोर कटर से लिये गए तीन सैंपल की कंप्रेसिव स्ट्रेन्थ रिबाउंड हैमर से चेक करायी जिसमे रीडिंग कम आयी जिस पर ठेकेदार द्वारा बताया गया कि रिबाउंड हैमर नया आया है और यह थोड़ा सही से काम नहीं कर रहा लेकिन हमारा सैंपल ठीक है इस सैम्पल को हम एएमयू में टेस्ट कराएंगे। जिस पर नगर आयुक्त ने कहा अभी तक अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से क्यों नहीं सैंपल को चेक कराया गया इससे स्पष्ट होता है कि आप द्वारा मानक और गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। मौके पर नगर आयुक्त ने अधिशासी अभियंता विजेंद्र पाल को तत्काल उक्त स्थान से जहां से यह सैंपल लिए गए थे उसे उखड़वाकर दोबारा से लगवाने की निर्देश दिए।सी.एम. ग्रिड्स रामघाट रोड सड़क नाला निर्माण पैकेज 1 अंतर्गत लगभग 17 करोड़ 47 लाख की लागत से वार्ड 33, 49, 53, 74, 82 में रामघाट रोड पर मीनाक्षी पुल से रामघाट रोड क्वार्सी थाने तक सड़क नाला, फुटपाथ निर्माण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय निर्माण एजेंसी कोनार्क द्वारा सड़क चौड़ीकरण के लिए टाइल्स उखाड़ने का काम किया जा रहा था मौके पर नगर आयुक्त ने रामघाट रोड पर यातायात की व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए चौड़ीकरण के लिए टाइल्स उखाड़ने के लिए खुदाई कार्य को रात में करने के लिए कहा।सी.एम. ग्रिड्स मैरिस रोड सड़क निर्माण पैकेज 1 अंतर्गत लगभग 8 करोड़ 96 लाख की लागत से वार्ड 49 बेगपुर मैरिस रोड से केला नगर तक 0.72 किलोमीटर सड़क निर्माण का निरीक्षण करने पहुंचे नगर आयुक्त ने सड़क की कंप्रेसिव स्ट्रेन्थ की रिबाउंड हैमर से कई स्थानों पर सड़क को चेक करवाया साथ ही साथ नगर आयुक्त ने इंजीनियरों की टीम से सड़क की लंबाई चौड़ाई और मोटाई की पैमाइश भी करवायी।

## सादाबाद क्षेत्र में रात को आई तेज आंधी .और बारिश ने भारी तबाही मचाई

सादाबाद क्षेत्र में रात को आई तेज आंधी और बारिश ने भारी तबाही मचाई है। कई स्थानों पर बिजली के खंभे टूटकर गिर गए। इससे पूरे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप हो गई।किसानों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। खड़ी फसलें गिर गईं और गेहूं के खेतों से भूसा उड़ गया। कुछ इलाकों में ओलावृष्टि भी हुई। लोधई गांव में एक बिजली का खंभा घर पर गिरा, जिससे मकान को नुकसान पहुंचा। घर में बंधे पशु बाल–बाल बचे।कस्बा सहपऊ में आंधी से श्रीकृष्णा वाटिका की दीवार गिर गई। तहसील सादाबाद के लगभग सभी गांवों में पूरी रात बिजली नहीं रही। सुबह से बिजली विभाग के कर्मचारी लाइनों की मरम्मत में जुटे हैं।अधिशासी अभियंता अमित कुमार के अनुसार, कुछ गांवों में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई है। बाकी गांवों में दोपहर बाद या शाम तक बिजली की आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी। विभाग को भी हजारों रुपए का नुकसान हुआ है।

## हाथरस में धूल भरी आंधी के बाद बारिश होर्डिंग्स उखड़े, कई इलाकों की बिजली हुई गुल, गेहूं की फसल को नुकसान

हाथरस में आज रात को मौसम ने अचानक करवट बदली। पहले धूल भरी तेज आंधी आई। इससे कुछ स्थानों पर होर्डिंग्स उखड़ गए। इसके बाद आसमान में बिजली कड़कने लगी। बारिश शुरू होने के साथ ही बिजली की आपूर्ति भी बाधित हो गई। शहर के अधिकतर हिस्सों में अंधेरा छा गया।रुक रुक कर हुई बारिश से जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया। बारिश से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं कई इलाकों में जलभराव की समस्या खड़ी हो गई। शहर की सड़कों पर कीचड़ व्याप्त हो गया। लोग बारिश से बचने के लिए इधर–उधर बचाव करते दिखाई दिए। इस बरसात से किसानों की चिंता बढ़ गई है। बेमौसम बारिश से गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा है। किसानों की काफी फसल भीग गई है। इसी किसान काफी परेशान हैं। अन्य फसलों को भी काफी नुकसान पहुंचा है।

## हनुमान जयंती पर उमड़ी भक्तों की भीड़ हाथरस में मंदिरों में भव्य श्रृंगार और शोभायात्राएं, भजन–कीर्तन की रही गूंज



हाथरस में हनुमान जयंती का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। शहर से लेकर देहात तक के मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी।प्रमुख हनुमान मंदिरों में फूल बंगला और छप्पन भोग के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। भजन–कीर्तन के बीच महाआरती का आयोजन किया गया। ढोल–मजीरों की थाप पर भक्त झूमते रहे। हनुमान चालीसा और सुंदरकांड के पाठ के साथ भगवान राम की वंदना भी की गई।अलीगढ़ रोड स्थित नवग्रह मंदिर, सासनी गेट का दक्षिणामुखी मंदिर, हनुमान गली और सादाबाद गेट स्थित हनुमान मंदिरों में भव्य श्रृंगार किया गया। भक्तों ने इसकी पहले से तैयारी कर रखी थी।शोभायात्रा निकाली गई हसायन और सिकंद्राराऊ समेत कई स्थानों पर शोभायात्राएं निकाली गईं। सिकंद्राराऊ के मोहल्ला नोखेल के हनुमान मंदिर से निकली शोभायात्रा में काली की सवारी, हनुमान जी की सवारी और राम–लक्ष्मण–सीता का डोला शामिल था। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। भंडारे का रहा आयोजन



जगह–जगह भंडारे का आयोजन किया गया। मोहल्लों में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम में विपिन वार्ष्णेय, विकास देवा वार्ष्णेय, बबलू सिसोदिया, कन्हैया वार्ष्णेय, भगवती माहौर समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**आवश्यकता है**

हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें -

अमित कुमार वर्मा -संम्पादक

मौ:-8218049162,8273402499



# ब्रेस्ट कैंसर मरीजों के लिए बड़ी खुशखबरी, अब एडवांस स्टेज का इलाज होगा आसान

ब्रेस्ट कैंसर के मामले इन दिनों काफी ज्यादा सामने आ रहे हैं. लेकिन इन बढ़ते मामलों के बीच ब्रेस्ट कैंसर के मरीजों के लिए एक खुशखबरी भी सामने आई है. दरअसल, बीते शुक्रवार को एक नई दवा को मंजूरी मिली है. यह दवा लाइलाज प्रकार के स्तन कैंसर के प्रसार को धीमा करने में मदद करती है. इस दवा को ब्रिटेन की सरकारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा में उपयोग के लिए मंजूरी दे दी गई है. कैंसर को बढ़ने से रोकेगी ये दवावैज्ञानिकों ने नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ एंड केयर एक्सीलेंस(एनआईसीई) द्वारा कैपिवासर्टिब को मंजूरी दिए जाने को एक ऐतिहासिक पल बताया गया है. एनआईसीई ने कहा कि एचआर–पॉजिटिव एचईआर2–नेगेटिव प्रकार की बीमारी से पीड़ित 1,000 से अधिक महिलाओं को हर साल दिन में दो बार गोली लेने से फायदे हो सकते हैं. ब्रिटिश फार्मास्युटिकल दिग्गज एस्ट्राजेनेका द्वारा निर्मित यह दवा, जिसे ट्रूकैप के नाम से भी जाना जाता है. कैंसर की प्रगति को धीमा करने या रोकने में मदद करती है, जिसका अर्थ है कि यह कुछ रोगियों को



लंबे समय तक जीने में मदद कर सकती है.इस दवा से नुकसान होने की संभावना है कमएनआईसीई की मेडिसिन डायरेक्टर हेलेन नाइट ने कहा, एडवांस स्टेज के ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित लोगों के लिए कैपीवासेर्टिब, जैसे– उपचार उपयोगी होंगे, जो सीमित विकल्पों के बावजूद दिए जा सकते हैं और इससे कीमोथेरेपी की आवश्यकता में देरी हो सकती है और इससे नुकसान होने की संभावना भी कम होती है."ब्रेस्ट कैंसर के एडवांस स्टेज में कुछ जेनेटिक उत्परिवर्तन होते हैं और यह ब्रेस्ट टिश्यूज के अंदर या शरीर के अन्य भागों में फैलता है. यह गोली एक असामान्य प्रोटीन की क्रिया को अवरुद्ध करके काम करती है जो कैंसर कोशिकाओं को बढ़ने के लिए प्रेरित करती है.एक नैदा. निक परीक्षण के परिणामों से पता चला कि कैपीवासर्टिब और हार्मोन थेरेपी फुलवेस्ट्रेंट के प्रयोग से कैंसर के बिगड़ने में लगने वाला समय प्लेसिबो और फुलवेस्ट्रेंट की तुलना में लगभग 4.2 महीने बढ़ गया.

## रात को सोने से इतनी देर पहले छोड़ देना चाहिए फोन, नहीं तो हो सकती है यह गंभीर बीमारी

आज के डिजिटल युग में स्मार्टफोन हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है. काम हो, एंटरटेनमेंट हो या सोशल मीडिया, मोबाइल हमारे हाथ से शायद ही कभी दूर होता है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि रात को सोने से ठीक पहले फोन का इस्तेमाल आपकी कई परेशानियों को दावत दे सकता है. जी हां, सोने से ठीक पहने फोन इस्तेमाल करना आपके लिए नुकसानदेह हो सकता है. आइए जानते हैं इस बारे में–सोने से कितनी देर पहले छोड़ देना चाहिए फोन?एक्सपर्ट की मानें तो सोने से कम से कम 30 मिनट से 1 घंटा पहले फोन का इस्तेमाल बंद कर देना चाहिए. अगर आप ऐसा नहीं करते हैं, तो इससे आपको नींद से जुड़ी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं, जैसे इंसोम्निया और सक. ेडियन रिदम का बिगड़ना हो सकता है. यह आगे चलकर डिप्रेशन, एंग्जायटी और यहां तक कि दिल की बीमारियों का कारण भी बन सकता है. फोन नींद पर कैसे होता है असर?ब्लू लाइट का प्रभाव स्मार्टफोन से निकलने वाली ब्लू लाइट मेलाटोनिन नामक नींद लाने वाले हार्मोन को दबा देती है. इससे दिमाग को जागते रहो का सिग्नल मिलता है और नींद आने में देर होती है.बढ़ जाती है मेंटल एक्टिविटी सा. ेशल मीडिया स्क्रॉल करना, गेम खेलना या चौट करना दिमाग को एक्टिव बनाए रखता है, जिससे रिलैक्सेशन नहीं हो पाता और शरीर सोने के लिए तैयार नहीं हो पाता.नींद की गुणवत्ता पर असररात में फोन का इस्तेमाल करने से नींद बार–बार टूट सकती है या नींद गहरी नहीं हो पाती. यह अगले दिन थकान, चिड़चिड़ापन और ध्यान केंद्रित करने में परेशानी का कारण बन सकता है.रात में फोन देखना इन बीमारियों को देता है दावत रात के समय फोन देखने से आपको इंसोम्निया , डिप्रेशन, एंग्जायटी, मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर और हार्ट डिजीज, आई स्ट्रेन और माइग्रेन जैसी समस्याएं हो सकती हैं. क्या करें?सोने से कम से कम 1 घंटा पहले फोन का इस्तेमाल करना बंद कर दें. सोने की तैयारी के दौरान फोन को बेडरूम से बाहर या डू नॉट डिस्टर्ब मोड पर रखें. सोने से कुछ देर पहले बुक पढ़ें, म्यूजिक सुनें या मेडिटेशन करें, ताकि नींद आने में मदद मिले. इसके साथ ही ब्लू लाइट फिल्टर या नाइट मोड का भी इस्तेमाल किया जा सकता है.

## मिट्टी का तवा घर लाते ही लोग कर देते हैं गलती, पहली बार इस्तेमाल करने का सही तरीका जानना है जरूरी

आजकल लोग नॉन स्टिक के अलावा मिट्टी के बर्तनों का इस्तेमाल भी करने लगे हैं। वैसे तो मिट्टी के बर्तन सदियों से हमारे घरों में इस्तेमाल होते आ रहे हैं। मिट्टी का मटका तो फ्रिज से भी अच्छा माना जाता है और गर्मियों में इसे ही ज्यादातर घरों में फ्रिज की जगह रखा जाता है। इसके अलावा मिट्टी का तवा भी आजकल ट्रेंड में है।लेकिन अक्सर लोग मिट्टी के बर्तनों का सही इस्तेमाल नहीं करते हैं। अब अगर आप पहली बार मिट्टी का तवा खरीद कर लाएं तो यह आर्टिकल आपके ही है। दरअसल रेसिपी का राज नाम के सोशल मीडिया हैंडल ने मिट्टी का तवा सीजन करने का तरीका शेयर किया है। ताकि पहली बार में ही गलती ना हो जाए। पहली करें ये काम मिट्टी के तवे को सीजन के लिए आपको सबसे पहले इसे पानी में 24 घंटे के लिए डालकर रखना है। तय समय बाद तवे को निकालकर पूरा एक दिन धूप में सूखा लीजिए। अब आपको मिट्टी के तवे पर ऑयल लगाकर अच्छी तरह से ग्रीश करना है। यहां आप अपनी सहूलियत के हिसाब से कोई भी तेल ले सकते हैं।चावल का पानी करें इस्तेमाल ऑयल से ग्रीश करने के बाद भी आपको तवा सुखाना है। उसके बाद तवे को गैस पर रख दीजिए, और चावल को धाने के बाद निकले पानी को तवे पर डाल दीजिए। अब गैस का हाई फ्लेम करके उबाल आने दीजिए। यहां आप लड़की की चम्मच से थोड़ा मिला भी लीजिए।आखिरी स्टेपअब 5 मिनट तक उबालने के बाद आपको चावल का पानी फेंक देना है। और, नमक–नींबू डालकर किसी सॉफ्ट स्क्रबर से घिस लेना है। इसके बाद साफ पानी से धोकर आप मिट्टी के तवे की सीजनिंग कर चुके हैं। अब इस तवे पर आप रोटी बना सकते

## गर्मियों में चमकती त्वचा के लिए घरेलू उपचार

जैसे ही गर्मियों का सूरज ढलता है, हमारी त्वचा अक्सर गर्मी और नमी के प्रभाव को महसूस कर सकती है, जिससे सुस्ती, निर्जलीकरण और कभी–कभी सूरज की क्षति भी हो सकती है। तपती गर्मी में वांछित चमकती त्वचा पाना एक चुनौती की तरह लग सकता है, लेकिन डरें नहीं! उचित देखभाल और कुछ प्राकृतिक त्वचा उपचारों से आप चेहरे पर चमक पा सकते हैं और हर मौसम में स्वस्थ रह सकते हैं। इस गाइड में, हम गर्मियों में चमकती त्वचा के लिए 16 प्रभावी घरेलू उपचार के बारे में जानेंगे ।

आपकी त्वचा के प्रकार को समझनाउपचार में उतरने से पहले, अपनी त्वचा के प्रकार को समझना आवश्यक है। चाहे आपकी त्वचा तैलीय, शुष्क, मिश्रित या संवेदनशील हो, इसकी विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपनी त्वचा देखभाल दिनचर्या को तैयार करें। यह ज्ञान आपकी त्वचा के प्रकार के लिए सबसे प्राकृतिक त्वचा देखभाल उपचार चुनने और सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त करने में आपकी सहायता करेगा। एक बार जब आप अपनी त्वचा के प्रकार की पहचान कर लेते हैं, तो आप ऐसे उत्पादों और उपचारों का चयन कर सकते हैं जो विशिष्ट चिंताओं का समाधान करते हैं, जैसे शुष्क त्वचा के लिए जलयोजन या तैलीय त्वचा के लिए तेल नियंत्रण। जलयोजन चमकती त्वचा की कुंजी त्वचा की देखभाल का एक बुनियादी सिद्धांत, विशेष रूप से गर्मियों में, जलयोजन है। उचित जलयोजन न केवल आपकी त्वचा को कोमल और कोमल बनाए रखता है बल्कि इसकी प्राकृतिक चमक और चिकनी त्वचा को बनाए रखने में भी मदद करता है । अपनी त्वचा को अंदर से बाहर तक हाइड्रेटेड रखने के लिए दिन भर में खूब सारा पानी पीना न भूलें। इसके अतिरिक्त, नमी बनाए रखने और निर्जलीकरण को रोकने के लिए हाइड्रेटिंग त्वचा देखभाल उत्पादों और उपचारों को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। गर्मियों में चमकती त्वचा के लिए घरेलू उपचार उपाय 1: सुखदायक जलयोजन के लिए **एलोवेरा जेल** एलोवेरा फेस वॉश एलोवेरा एक पौधा है जो आपकी त्वचा को मॉइस्चराइज करता है और इसे एक स्वस्थ चमक देता है। यह सुखदायक सनबर्न के लिए भी बहुत अच्छा है। एलोवेरा का उपयोग कई सौंदर्य उत्पादों में किया जाता है क्योंकि यह आपकी त्वचा के लिए बहुत अच्छा होता है। आप एलोवेरा जूस पी सकते हैं या दुकान से एलोवेरा जेल खरीद सकते हैं। अगर आप दमकती त्वचा चाहती हैं तो आप अपने घर में बने फेस मास्क में थोड़ा सा एलोवेरा जेल मिलाकर अपने चेहरे पर लगा सकती हैं। तीस मिनट बाद धो लें.आपको यह भी पसंद आ सकता हैरू इस गर्मी में अपनी रूखी त्वचा को हाइड्रेटेड रखने के 15 तरीके

**उपाय 2: खीरा और दही का फेस पैक** खीरे और दही को मिलाकर मुलायम पेस्ट बना लें और ताजगी और नमी प्रदान करने के लिए इसे अपने चेहरे पर लगाएं। खीरा त्वचा को ठंडक देता है, जबकि दही पोषण और हाइड्रेट करता है, जिससे आपकी त्वचा फिर से जीवंत हो जाती है।**उपाय 3: धूप से बचाव के लिए टमाटर का गूदा** टमाटरएंटीऑक्सीडेंट और विटामिन से भरपूर टमाटर का गूदा आपकी त्वचा को धूप से होने वाले नुकसान से बचाने में मदद करता है। अपनी त्वचा को हानिकारक यूवी किरणों से बचाने के लिए अपने चेहरे पर ताजा टमाटर का गूदा लगाएं और धोने से पहले इसे 15–20 मिनट के लिए छोड़ दें और हम इसे गर्मियों में चमकती त्वचा के लिए घरेलू उपचारों में से एक मानते हैं।

**उपाय 4: नमी के लिए नारियल का तेल** नारियल का तेल एक प्राकृतिक इमोलिएंट है जो त्वचा को गहराई से मॉइस्चराइज और पोषण देता है । मुलायम, चमकती त्वचा पाने के लिए सोने से पहले अपनी त्वचा पर थोड़ी मात्रा में नारियल तेल की मालिश करें। आपको यह भी पसंद आ सकता हैरू चमकती त्वचा के लिए नारियल तेलरू 15 उपयोग, लाभ, दुष्प्रभाव

उपाय 5: हल्दी और शहद का फेस मास्क एक शक्तिशाली फेस मास्क बनाने के लिए हल्दी पाउडर को शहद के साथ मिलाएं जो त्वचा को चमकदार बनाता है और सूजन को कम करता है। हल्दी के सूजन–रोधी गुण शहद के मॉइस्चराइजिंग प्रभावों के साथ मिलकर इस मास्क को चमकती त्वचा पाने के लिए एकदम सही बनाते हैं । आपको यह भी पसंद आ सकता हैरू चेहरे के लिए हल्दीरू बारे में, लाभ, उपयोगउपाय 6रू ग्रीन टी टोनरग्रीन टी बनाएं और टोनर के रूप में उपयोग करने से पहले इसे ठंडा होने दें । ग्रीन टी एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होती है जो मुक्त कणों से लड़ने और स्वस्थ, चमकती त्वचा को बढ़ावा देने में मदद करती है। हम इसे गर्मियों में चमकती त्वचा के लिए घरेलू उपचारों में से एक मानते हैं उपाय 7एक्सफोलिएशन के लिए पपीता मास्क पपीता एक विशेष फल है जो वास्तव में आपकी त्वचा की मदद कर सकता है। यह विटामिन सी, एंटीऑक्सिडेंट और कैरोटीनॉयड से भरपूर है , जो आपके शरीर के लिए कई मायनों में अच्छा है, जैसे कि आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली, पाचन और कोशिका की मरम्मत में मदद करना। पपीते की ये अच्छी चीजें आपकी त्वचा में गहराई तक जाकर उसे स्वस्थ बनाती हैं, जिससे आपको खूबसूरत चमक मिलती है। वे मृत त्वचा कोशिकाओं से छुटकारा पाकर मुँहासे से छुटकारा पाने में भी मदद करते हैं। सर्वोत्तम परिणामों के लिए आप पपीता खा सकते हैं या इसे अपनी त्वचा पर रख सकते हैं।

## 51 साल की कुंवारी श्गीता मांश जब गिरते गले वाला ब्लाउज पहन इतराईं, लाल साड़ी में खूब दिखाईं मदहोश अदाएं



गीता कपूर इंडस्ट्री की मशहूर कोरियोग्राफर हैं। जिन्होंने न सिर्फ बॉलीवुड फिल्मों में कई शानदार गानों को कोरियोग्राफ किया, बल्कि वह कई रियलिटी शो की जज भी रही हैं। डांस इंडिया डांस से टीवी पर अपनी शुरुआत करने वाली गीता कपूर को श्गीता मांश के नाम से पहचान मिली और अब सब उन्हें इसी नाम से पुकारते हैं। हालांकि, अपने काम के साथ ही 51 साल की उम्र में भी कुंवारी और सिंगल गीता अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियां बटोरती रहती हैं।कई बार उनकी शादी की अफवाह उड़ी है, तो उनका स्टाइलिश अंदाज भी लोगों का ध्यान खींचता है। जहां वह अक्सर ही सूट– साड़ी में नजर आती हैं, तो वेस्टर्न कपड़ों में भी उनका स्टाइल देखते ही बनता है। लेकिन, जब कंधे से गिरता ब्लाउज पहन उन्होंने लाल साड़ी में अदाएं दिखाईं, तो किसी का ध्यान इधर से उधर गया ही नहीं। फ्लोरल साड़ी में लगीं खूबसूरतगीता मां यहां खूबसूरत–सी लाल साड़ी में नजर आ रही हैं। जिस वर वाइट फ्लोरल पैटर्न शानदार लगा। जिसे परफेक्ट प्लीट्स में बांधकर उन्होंने खुले पल्लू के साथ स्टाइल किया, तो कंधे से गिरते गले वाला ब्लाउज पहन इसमें तड़का लगाया। जिसका ऑफ शोल्डर लुक और उस पर बनी वाइट बूटियां उनके लुक को एन्हांस कर गईजहां गीता मां की फूलों वाली साड़ी का कलर कॉम्बिनेशन साथ में अच्छा लग रहा है, तो इसके साथ उन्होंने फ्लोरल जूलरी ही स्टाइल की। हाथ में रेड कलर की बड़ी–सी फूल जैसे रिंग के बीच लगा सफेद मोती हो या फिर उनका पत्ती की डिजाइन वाला ईयररिंग्स और ब्रेसलेट, सब साथ में लुक के साथ अच्छे से ब्लेंड हो गया। जहां गीता मां के हाव–भाव के तो क्या ही कहने।ब्लाउज ही नहीं गीता मां ने अपने वेस्टर्न लुक को भी कंधे से गिरती बाजू वाले डिजाइन के साथ कंप्लीट किया, जो उनके लुक की हा. इलाइट बन गया। जैसे कि यहां वह पर्पल कलर की धोती स्टाइल स्कर्ट और उसके साथ वन साइड ऑफ शोल्डर कट वाला श्रग पहने हुए हैं। जिस पर मल्टीकलर प्रिंटेड डिजाइन के साथ फूल भी बने हैं।अ. पने मल्टीकलर लुक को स्टाइल करने के लिए गीता मां ने अलग–अलग रंग के मोतियों वाली जूलरी को ही सिलेक्ट किया। जहां उनके हाथ में कई सारी माला नजर आईं, तो कंधों को टच करते ड्रॉप ईयररिंग्स और पर्पल–सिल्वर ब्रेसलेट पहन उन्होंने लुक कंप्लीट किया।बात जब हसीना के अपने दोनों लुक्स को स्टाइल करने की आई, तो उन्होंने साड़ी के साथ बालों को कर्ल किया और आगे से फ्लिक्स निकाले। दूसरी तरफ, हल्फा पफी लुक देकर उन्होंने बालों को हाफ पिनअप करके स्ट्रैट ओपन छोड़ा। जहां साड़ी के साथ बिंदी और रेड लिप्स, तो ग्लॉसी मेकअप में पर्पल लुक शानदार लगा।

## 45 डिग्री में भी गर्म नहीं होगा छत पर रखी टंकी का पानी, 5 उपाय से मिलेगा एक दम चिल्ड वॉटर

गर्मी में सूरज का कहर बढ़ता ही जा रहा है, कई शहरों में तापमान बढ़कर 45 डिग्री तक पहुंच चुका है। अब चिलचिलाति धूप को सहन करना आसान नहीं, ऐसे में बिना नहाए तो रह ही नहीं सकते। लेकिन धूप और तपिश के कारण छत पर रखी टंकी का पानी काफी गर्म हो जाता है। जिसकी वजह से नहाना तो दूर हाथ धोने में भी परेशानी होती है। इसके अलावा किचन के काम करने में भी दिक्कत होती है क्योंकि बिना पानी कोई काम होता ही नहीं।धूप में गर्म पानी से नहाने के बाद घमोरियां और लू जैसी परेशानियां हो सकती हैं। अगर आप भी इस समस्या को झेल रहे हैं तो अब आपको टेंशन लेने की जरूरत नहीं है। क्योंकि हम आपको टंकी का पानी ठंडा रखने की कुछ ट्रिक्स बता रहे हैं। इनकी मदद से आप जब भी नल खोलेंगे ठंडा पानी ही मिलेगा। इतना ही नहीं 45 डिग्री में भी टंकी का पानी गर्म नहीं होगा। थर्मोकोल से कवर करेंथर्मोकोल एक अच्छा इंसुलेटर होता है जो बाहरी तापमान को टंकी के अंदर तक पहुंचने से रो सकता है। इसलिए थर्मोकोल का उपयोग टंकी के आसपास करने से पानी ठंडा रखने में मदद मिलती है। दरअसल थर्मोकोल की परतें गर्मी को अब्सॉर्ब नहीं करतीं है जिससे पानी का तापमान लंबे समय तक कंट्रोल रहता है।इसके लिए आप टंकी को थर्माकोल से पूरी तरह कवर कर दीजिए। आपको किसी भी स्टेशनरी की शॉप पर कम एमएम वाला पतला थर्मोकॉल मिल जाएगा। जिसे टंकी के आजू–बाजू टेप की मदद से लगा दीजिए। चाहें तो टंकी के ढक्कन को भी थर्मोकॉल से ढक सकते हैं।लाइट पेंट की मदद लें वॉटर टैंक को ठंडा रखने के लिए लाइट कलर की भी ले सकते हैं। इसके लिए आपको टंकी पर लाइट कलर पेंट अप्लाई करना होगा। दरअसल गाढ़ा रंग गर्मी को तेजी से एब्जॉर्ब करता है। जिसकी वजह से टंकी जल्दी गर्म हो जाती है। इसलिए टंकी पर हल्के रंग का पेंट लगा सकते हैं। इससे धूप टंकी पर बेअसर साबित हो सकती है।जूट का इस्तेमाल करेंवॉटर टैंक को ठंडा रखने के लिए टंकी को मोटे कट्टे से ढक सकते हैं। दरअसल कट्टे की वजह से धूप सीधे टंकी पर नहीं पड़ेगी, जिससे पानी गर्म नहीं होगा। इसके लिए आपको टंकी के साइज के हिसाब से 4–5 कट्टे को आपस में सिलकर टंकी का कवर बनाना होगा। इस उपाय से पानी को ठंडा रखने के साथ–साथ टंकी की उम्र भी बढ़ जाती है। क्योंकि ये सूरज की हानिकारक किरणों से टंकी को सुरक्षित रखता है।टंकी को सीधी धूप से बचाएं गर्मियों में छत पर टंकी रखने के कारण इसका पानी गर्म हो जाता है इसलिए आप वॉटर टैंक की लोकेशन को शिफ्ट कर सकते हैं। अगर सीमेंट की फिक्स टंकी ना बनी हो तो इस उपाय को करना संभव है। इसके लिए किसी छाया वाली जगह का सिलेक्शन करें, जिसकी वजह से टंकी पर धूप नहीं पड़ेगी और पानी का तापमान लंब समय तक कम रहेगा।

# कासगंज जनपद के औरंगाबाद नगला मानसिंह में एक दर्दनाक घटना सामने आई

**कासगंज संवावदाता इंद्रपाल राजपूत** कासगंज जनपद के औरंगाबाद नगला मानसिंह में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। साइन भट्टे पर चौकीदारी करने वाले 55 वर्षीय गंगादीन की पेड़ गिरने से मौत हो गई।शुक्रवार रात करीब 10रू30 बजे गंगादीन पेड़ के नीचे सो रहे थे। इसी दौरान आंधी–तूफान आया और पेड़ उन पर गिर गया। घटना में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल का निरीक्षण लेखपाल अनुज कुमार और कानूनगो मुन्नालाल भारती ने किया।लेखपाल अनुज कुमार ने बताया कि मृतक के परिवार को तहसील की ओर से चार लाख रुपए की सहायता दी जाएगी। इसके अलावा सरकार की तरफ से भी अतिरिक्त आर्थिक मदद मिलेगी। पटियाली थाना प्रभारी राधेश्याम ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि आंधी–तूफान के कारण हुई इस दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की गई।

# कासगंज तेज आंधी ने छीन लिया परिवार का सहारा, पेड़ के नीचे दबकर चौकीदार की मौत



कासगंज : संवावदाता इंद्रपाल राजपूत शुक्रवार की देर शाम आए आंधी–तूफान ने जिले में जमकर तबाही मचाई। तेज आंधी के चलते कई स्थानों पर पेड़ टूट गए और बारिश हुई। विद्युत खंभे टूटकर जमीन पर गिर गए। खेतों में कटी हुई गेहूं की फसल उड़कर एक–दूसरे के खेतों में चली गई। इस दौरान पेड़ के नीचे दबकर एक चौकीदार की मौत हो गई। पटियाली के दरियावगंज में ईंट भट्टे पर पेड़ गिरने से नीचे सो रहे 55 वर्षीय चौकीदार की दबकर मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।शुक्रवार को जिले में मौसम ने अचानक करवट ली और आ. समान में बादल छा गए। दोपहर तीन बजे से ही धूप–छांव का दौर चलता रहा। शाम होते–होते मौसम ने रुख बदला और तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। करीब दो घंटे तक आंधी–तूफान और बारिश से भारी नुकसान हुआ। पेड़ टूटकर जमीन पर गिर गए, विद्युत खंभे उखड़ गए और कई स्थानों पर टिन शेड उड़ गए। इससे विद्युत व्यवस्था भी कई घंटों तक बाधित रही। ग्रामीण क्षेत्रों में पूरी रात बिजली गुल रही।किसानों की खेतों में कटी पड़ी गेहूं की फसल उड़ गई और बारिश में भीग गई।किलोनी रफातपुर के किसान अनार सिंह ने बताया कि बारिश से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली है, वहीं खेतों में रखी फसल भीग जाने से गहाई का काम अब देरी से होगा। इस बेमौसम आंधी और बारिश से किसानों को भारी नुकसान हुआ है।बता दें, थाना पटियाली क्षेत्र के गांव औरंगाबाद ग्राम पंचायत के नगला मानसिंह निवासी 55 वर्षीय गंगादीन, सोनू साईं ईंट भट्टे पर चौकीदार थे। शुक्रवार शाम करीब आठ बजे वह भट्टे पर पेड़ के नीचे चारपाई डालकर लेटे हुए थे। इसी दौरान तेज आंधी–तूफान से पेड़ टूटकर उनके ऊपर गिर गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।परिजनों द्वारा घटना की सूचना कोतवाली पुलिस और राजस्व टीम को दी गई। मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर राधेश्याम ने घटना की जानकारी लेकर शव को पा. `स्टमार्टम के लिए भेजा। लेखपाल अनुज कुमार और कानूनगो मुन्नालाल भारती ने घटनास्थल का निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार की और तहसील प्रशासन को सौंपी।क. ानूनगो मुन्नालाल ने बताया कि तहसील प्रशासन की ओर से 4 लाख की आर्थिक सहायता का प्रावधान है, जो मृतक के परि. जनों को प्रदान की जाएगी।

# कासगंजः अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, नहीं हो सकी शिनाख्त

**कासगंज : संवावदाता इंद्रपाल राजपूत** सहावर कासगंज मार्ग पर गांव नींवरी के समीप 30 वर्षीय बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घायल युवक को पुलिस द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक युवक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन युवक की शिनाख्त नहीं हुई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम गृह में रखवा दिया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के नींवरी गांव के समीप एक 30 वर्षीय बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। राहगीरों ने इस हादसे की घटना की सूचना सदर कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सड़क पर घायल अवस्था में पड़े युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल में लेकर पहुंची। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने युवक की शिनाख्त कराने के प्रयास किए, लेकिन युवक की शिनाख्त नहीं हुई। एसआई उपदेश कुमार ने बताया अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी थी। पास में ही बाइक पड़ी हुई थी, बाइक का नंबर HR26CZ1426 है। मृतक युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। मृतक आसमानी कलर की टीशर्ट और नीले कलर का लोअर पहने हुए है। उसके शव को शिनाख्त कराने के लिए 72 घंटे के लिए सुरक्षित पोस्टमार्टम गृह में रखवा दिया है। मृतक के दाहिने हाथ पर दिल का निशान गुदा हुआ है। दिल के निशान के अंदर सीएचकेध्बीके लिखा हुआ है।

# गुजरात के धमाकों के बाद एटा में बड़ी कार्रवाई जलेसर में अवैध शोरा फैक्ट्री सील, भट्टियां ध्वस्तय भारी मात्रा में विस्फोटक केमिकल बरामद



एटा के जलेसर में जिला प्रशासन ने शनिवार को एक बड़ी कार्रवाई की। हाथरस बस स्टैंड के सामने स्थित एक शोरा फैक्ट्री पर छापेमारी में भारी मात्रा में पोटेशियम नाइट्रेट बरामद किया गया। यह विस्फोटक बनाने में इस्तेमाल होने वाला खतरनाक केमिकल है।यह कार्रवाई गुजरात के बनासकांठा में हुए विस्फोट के बाद की गई है। अप्रैल की शुरुआत में वहां एक अवैध फैक्ट्री में हुए धमाके में 22 लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले के तार जलेसर से जुड़े पाए गए थे। गुजरात पुलिस ने कुछ दिन पहले जलेसर की केमिकल फैक्ट्री में जांच भी की थी।अपर जिलाधिकारी सत्यप्रकाश के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में फैक्ट्री को सील कर दिया गया। जेसीबी से भट्टियों को ध्वस्त कर दिया गया। इस दौरान एएसपी राजकुमार सिंह, एसडीएम भावना विमल, सीओ ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह समेत राजस्व और पुलिस विभाग की टीम मौजूद रही।एसडीएम के अनुसार, फैक्ट्री में साल्ट पीटर का भी निर्माण हो रहा था। यह ज्वलनशील पदार्थ विस्फोटक और पोटाश खाद बनाने में काम आता है। प्रशासन ने इस मामले की जानकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को दे दी है।फैक्ट्री संचालकों का कहना है कि वे सिर्फ खाद्य पदार्थ शोरा के रॉ मैटेरियल को रिफाइन कर रहे हैं। उनका दावा है कि कोई अवैध काम नहीं कर रहे हैं। संचालकों ने टीटीजे क्षेत्र में गैस पाइपलाइन की मांग पर प्रशासन द्वारा ध्यान न देने का आरोप भी लगाया है।इस कार्रवाई से जलेसर के अन्य शोरा फैक्ट्री मालिकों में हड़कंप मच गया है। प्रशासन की यह कार्रवाई शोरा उद्योग पर कड़ी नजर रखने का संकेत है।

# एटा जिले के खेतूपूरा गांव में बीती रात एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना सामने आई

एटा जिले के खेतूपूरा गांव में बीती रात एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना सामने आई। जैथरा विकास खंड क्षेत्र स्थित गांव में तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से किसान जयपाल की 6 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।किसान जयपाल ने बताया कि उन्होंने गेहूं की कटाई कर फसल को एक जगह इकट्ठा किया था। रात में तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरी और फसल में आग लग गई। किसान खेत की तरफ दौड़े, लेकिन तब तक फसल जल चुकी थी। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है।घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम विपिन कुमार मोरल और तहसीलदार नीरज कुमार वार्ष्णेय मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और पीड़ित किसान को मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।एसडीएम विपिन कुमार ने बताया कि वे राजस्व कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि पीड़ित किसान को नियमानुसार हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

# दूसरी महिला को लेकर भागा पति एटा में कुंडल और 50 हजार रुपए भी ले गया, तीन बच्चों की मां ने एसएसपी से लगाई गुहार



एटा में एक महिला ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्याम नारायण सिंह से न्याय की गुहार लगाई है। महिला का आरोप है कि उसका पति दूसरी महिला के साथ भाग गया है। पीड़िता बबिता ने बताया कि उसकी शादी 2013 में पिलुआ थाना क्षेत्र के सुन्ना गांव निवासी अवनेश से हुई थी। शादी के बाद से ही पति उसे मारता–पीटता रहा। दंपति के तीन बच्चे हैं – 11 वर्षीय विराट, 9 वर्षीय इशानी और 6 वर्षीय अनुज।बबिता ने आरोप लगाया कि ससुराल वालों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। मार्च माह में उसका पति सोने के कुंडल, 50 हजार रुपए नकद और साइकिल लेकर किसी अन्य महिला के साथ फरार हो गया। पीड़िता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मदद की गुहार लगाई है। एसएसपी श्याम नारायण सिंह ने महिला को हर संभव न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है।

# प्राथमिक विद्यालय नगला घनश्याम में निशुल्क चिकित्सा और योग शिविर का आयोजन किया गया



जलेसर में राजकीय आयुर्वेदिक व यूनानी चिकित. सालय और योगा ऑर्बिट फा. उंडेशन ने एक विशेष पहल की। प्राथमिक विद्यालय नगला घनश्याम में निशुल्क चिकित्सा और योग शिविर का आयोजन किया गया।क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अनुज कुमार सिंह के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. शबनम राजपूत ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर मुफ्त दवाएं वितरित कीं।शिविर में लोगों को मा. `समी बीमारियों से बचाव के तरीके बताए गए। साथ ही स्वस्थ आहार–विहार, दिनचर्या और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के उपायों की जानकारी दी गई। औषधीय पौधों के फायदों से भी अवगत कराया गया।सुबह 5रू30 बजे से योग शिविर चलेगाराष्ट्रीय योगासन कोच अनिल कुशवाह ने विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया। इनमें सुखासन, सिद्धासन, पद्मासन, दंडासन, वज्रासन, भद्रासन, मंडूकासन और वक्रासन शामिल थे। उन्होंने स्वस्थ जीवन के लिए सही मुद्रा में बैठने पर जोर दिया।आगामी 7 दिनों तक आदर्श इंटर कॉलेज में सुबह 5रू30 बजे से योग शिविर चलेगा। इसमें शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए योगासन सिखाए जाएंगे। कार्यक्रम में योगा ऑर्बिट फाउंडेशन के प्रशिक्षक सुमित कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन जीने की प्रेरणा देना है।

सूचना
विज्ञापन एवं विज्ञप्ति के लिए सम्पर्क करें
कार्यालयः सरोज नगर गली न. 5, क्वार्सी बाईपास रोड, अलीगढ़
हैल्पलाइन न.
8218049162,9870916612

जननायक सम्राट
हिंन्दी साप्ताहिक
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक-अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद